(a) whether Government has taken any step for the location of Steel Plant at Vijayanagram; and

(b) if so, the exact location thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF STEEL AND MINES (SHRI SHAHNAWAZ KHAN): (a) Yes, Sir. Preliminary work such as demarcation of the plant area, topographical surveys, testing of soil samples, survey for railway exchange yard and sidings, preparation of water supply schemes etc., has been completed About 1,800 hectares (4,500 acres) of land have been acquired so far.

(b) The location of the plant is at Tornagalu in Bellary District, Mysore State

**वर्ष 1972–73 में विदेशों में भारतीय दूतावासों पर अनुमानित व्यय**

5254. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि वित्तीय वर्ष 1972–73 मे विदेशो मे भारतीय दूतावासो पर कितना व्यय होने का अनुमान है ?

**विदेश मंत्रालय में उप मंत्री (श्री सुरेन्द्र पाल सिंह)** विदेश मंत्रालय के प्रशासनिक एव बजट सम्बन्धी नियंत्रण मे आने वाले वदेश-स्थित भारतीय मिशनो और केन्द्रो का वर्ष 1972–73 का अनुमानित खर्च 1282 08 लाख रुपये है ·

**हिन्द महासागर में चीन की पनडुब्बियां**

5255. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकार का ध्यान 25 जुलाई, 1972 के विभिन्न समाचार पत्रो मे प्रकाशित नौसेनाध्यक्ष श्री एस० एम० नन्दा के इस वक्तव्य की ओर दिलाया गया है कि चीन ने हिन्द महासागर मे पनडुब्बिया भेजी हैं, और

(ख) इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

**रक्षा मंत्री (श्री जगजीवन राम) :** (क) तथा (ख) 24–7–1972 को नई दिल्ली दक्षिण रोटरी क्लब मे हमारे समुद्री हितो के विषय पर भाषण के दौरान एडमिरल नन्दा ने यह विचार व्यक्त किया था कि ऐसी सम्भावना है कि चीन हिन्द महासागर मे अपनी पनडुब्बिया नियोजित करे। अन्तर्राष्ट्रीय विधि के अन्तर्गत सब देशो के जलयानो को (जिनमे युद्धपोत भी शामिल हैं) देश की समुद्री सीमा के बाहर कही भी आने-जाने की स्वतन्त्रता है। तथापि, हिन्द महासागर को तनाव से मुक्त रखने के सम्बन्ध मे सरकार के विचार भली भांति विदित है तथा उन्हे अनेको बार सदन मे व्यक्त किया जा चुका है।

**पाकिस्तान द्वारा क्षति पहुचाई गई भारतीय सम्पत्ति**

5256 **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिसम्बर, 1971 के भारत पाकिस्तान के युद्ध के बाद पाकिस्तानी सेना ने पाकिस्तानी अधिकृत भारतीय क्षेत्र मे भारतीय सम्पत्ति को भारी क्षति पहुचाई है ;

(ख) इस प्रकार हुई क्षति का भारतीय मुद्रा मे अनुमानित मूल्य कितना है, और

(ग) इस सम्बन्ध मे सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

**रक्षा मंत्री (श्री जगजीवन राम) :** (क) तथा (ख) यह विदित है कि पाकिस्तान के द्वारा अधिकृत क्षेत्र मे भारतीय सम्पत्ति को पाकिस्तानी सेना ने तथा सिविलियनो ने क्षति पहुचाई है, परन्तु पाकिस्तान के द्वारा उस क्षेत्र को खाली करने के उपरान्त ही हानि की पूरी मात्रा का पता चल सकता *

(ग) अधिकृत क्षेत्रों में सम्पत्ति को और आगे क्षति पहुंचाने से रोकने का प्रश्न सेना मुख्यालय ने डी० एम० श्रो० पाकिस्तान के साथ उठाया था। ऐसा पता चला है कि पाकिस्तानी प्राधिकारियों ने अपनी सेनाओं को इस सम्बन्ध में उपयुक्त अनुदेश जारी कर दिये हैं।

**राज्य विधान सभाओं के चुनावों के दौरान प्रधान मंत्री द्वारा की गई विमान-यात्रा**

5257 **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या रक्षा मंत्री राज्य विधान सभाओं के चुनावों के दौरान प्रधान मंत्री द्वारा की गई विमान यात्रा के बारे में 11 अगस्त, 1972 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1974 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या वर्ष 1972 में राज्य विधान सभाओं के चुनावों के दौरान प्रधान मंत्री द्वारा वायु सेना के विमानों का 151 बार उपयोग किये जाने के कारण सरकार को देय व्यय की बकाया राशि का इस बीच भुगतान कर दिया गया है,

(ख) यदि नहीं, तो इस समय कितनी राशि बकाया है, और

(ग) उसकी वसूली के सम्बन्ध में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है ?

**रक्षा मंत्री (श्री जगजीवन राम) :** (क) प्रधान मंत्री से कोई बकाया राशि नहीं है।

(ख) और (ग) इन दौरों के सम्बन्ध में रु० 4,77,698 95 के बिल भेजे गये हैं। इनमें से रु० 4,27,153 09 की राशि वसूल हो चुकी है। शेष रु० 50,545 86 की बकाया राशि के लिये राज्य सरकारों और सम्बन्धित प्राधिकारियों से वसूली की जा रही है।

**केन्द्रीय सरकार के मंत्रियों और अधिकारियों द्वारा विदेशों के दौरे**

5258 **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या विदेश मंत्री केन्द्रीय सरकार के मंत्रियों और अधिकारियों द्वारा विदेशों के दौरों के बारे में 10 अगस्त, 1972 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1746 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या इस बीच अपेक्षित जानकारी एकत्र कर ली गई है, और

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ?

**विदेश मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सुरेन्द्र पाल सिंह)** (क) और (ख) भारत सरकार के कुछ विभागों और मंत्रालयों से अपेक्षित सूचना अभी नहीं मिली है। जब सारी सामग्री आ जायेगी तो अपेक्षित सूचना को संकलित करके पेश की जायेगी।

**Replacement of Sea Hawk Fighters of INS Vikrant with Modified Version Gnats**

5259 SHRI VAYALAR RAVI Will the Minister of DEFENCE be pleased to state

(a) whether Government noticed the reports appearing in the "Economic and Political Weekly" dated the 4th November, 1972 under the caption "which ships for what roles", if so, the reaction thereto, and

(b) whether Government propose to consider the possibility of replacing the present Sea Hawk fighters in the INS Vikrant with a modified version of Gnats and if so, the main features thereof?

THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI JAGJIVAN RAM) (a) Government have seen the reports appearing in the "Economic and Political Weekly" dated the 4th November, 1972 under the caption "which Ships for what Roles", and have no comments.